1800 medicare
1800 633 422

1800MEDICARE – नि:शुल्क स्वास्थ्य सलाह और सही देखभाल तक पहुँचने में सहायता

ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए

किसी नए देश में रहते और पढ़ाई करते हुए कभी-कभी यह जानना कठिन हो सकता है कि स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए कहाँ जाना चाहिए। 1800MEDICARE इसे आसान बनाता है और आपको विशेषज्ञ स्वास्थ्य जानकारी तथा सहायता प्राप्त करने की सुविधा देता है — किसी भी समय, दिन हो या रात।

1800MEDICARE एक निःशुल्क सेवा है और यह ऑस्ट्रेलिया में सभी लोगों को उपलब्ध है, इनमें अंतरराष्ट्रीय छात्र भी शामिल हैं।

इस सेवा का उपयोग करने के लिए आपको मेडिकेयर कार्ड की ज़रूरत नहीं है।

1800MEDICARE क्या है?

स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सलाह तक - 24/7 पहुँच और सही समय पर सही देखभाल से जुड़ने के लिए 1800MEDICARE एक निःशुल्क फ़ोन लाइन (1800 633 422), वेबसाइट और ऐप है। 1800MEDICARE ऑस्ट्रेलिया में सभी के लिए सुलभ और निःशुल्क है, चाहे आप कहीं भी रहते हों – चाहे दिन हो या रात।

1800MEDICARE एक निःशुल्क सेवा है और यह ऑस्ट्रेलिया में सभी लोगों के लिए उपलब्ध है, जिनमें आगंतुक (Visitors), अंतरराष्ट्रीय छात्र और वे लोग भी शामिल हैं जिनके पास Medicare नहीं है।

हालाँकि, नर्स द्वारा सुझाई गई सेवाओं के लिए आपको भुगतान करना पड़ सकता है, जैसे कि डॉक्टर से मिलने की फ़ीस।

1800MEDICARE आपकी सहायता कर सकता है जब:

- आप या कोई व्यक्ति जिसकी आप देखभाल कर रहे हैं वह अस्वस्थ है या उसे चोट लगी है
- आप सुनिश्चित नहीं हैं कि आपको डॉक्टर के पास जाना चाहिए या अस्पताल जाना चाहिए
- आपके सामान्य डॉक्टर (GP) का क्लिनिक बंद है और आपको स्वास्थ्य सलाह की ज़रूरत है
- आप अपने क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में सलाह या जानकारी चाहते हैं
- यह कोई आपात स्थिति नहीं है, लेकिन आपको तत्काल स्वास्थ्य सलाह की आवश्यकता है।

1800 medicare
1800 633 422

1800MEDICARE प्रदान करता है:

1800MEDICARE फ़ोन लाइन | 1800 633 422

ऑस्ट्रेलिया में कोई भी स्वास्थ्य संबंधी सलाह और सहायता के लिए 1800 633 422 पर निःशुल्क फ़ोन कर सकता है – चाहे आप अपने लिए, किसी मित्र, किसी रूममेट, या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए फ़ोन कर रहे हों जिसकी आप देखभाल करते हैं। जब आप 1800MEDICARE पर फ़ोन करते हैं तो आप अपनी स्वास्थ्य संबंधी चिंता के बारे में एक पंजीकृत नर्स से बात करेंगे। नर्स आपके लक्षणों के बारे में पूछेगी और आपको सही देखभाल के लिए मार्गदर्शन करेगी, चाहे वह घर पर आपकी देखभाल करने के बारे में हो या वर्चुअल जीपी अपॉइंटमेंट दिलाने के बारे में हो, या आपके क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा जैसे स्थानीय जीपी, फ़ार्मेसी, मेडिकेयर अर्जेंट केयर क्लिनिक या आपातकालीन विभाग से सहायता प्राप्त करनी हो।

यह सेवा दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन उपलब्ध है।

भाषा संबंधी सहायता चाहिए?

यदि अँग्रेजी आपकी मुख्य भाषा नहीं है और आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो आप टिस नेशनल (TIS National) को 131 450 पर फ़ोन कर सकते हैं और 1800MEDICARE (1800 633 422) पर बात करवाने के लिए कह सकते हैं।

1800MEDICARE ऐप

1800MEDICARE ऐप महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी देखने का एक सुरक्षित और सुविधाजनक तरीका है जिसे आपने, आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वालों या प्रतिनिधियों ने माई हेल्थ रिकॉर्ड पर अपलोड किया है। यह ऐप 1800MEDICARE फ़ोन सेवा का पूरक है और स्वास्थ्य सलाह और जानकारी प्राप्त करने का एक सुविधाजनक माध्यम प्रदान करता है।

आप इस ऐप को अपने फ़ोन या टैबलेट पर डाउनलोड कर सकते हैं – यह तेज़, आसान और सुरक्षित है – और आप अपने फ़ोन या टैबलेट के माध्यम से ही इसकी सभी सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं और उन्हें साझा कर सकते हैं। ऐप को सेट अप करने में मदद के लिए, digitalhealth.gov.au/1800MEDICAREapp पर जाएँ।

1800MEDICARE वेबसाइट | medicare.gov.au/1800

वेबसाइट पर आप यह कर सकते हैं:

- फ़ोन लाइन पर फ़ोन कर सकते हैं (अपने मोबाइल से)
- अपने लक्षणों की जाँच कर सकते हैं
- अपने आस-पास स्वास्थ्य सेवाएँ खोज सकते हैं
- दवाओं के बारे में जानकारी देख सकते हैं
- या अन्य मेडिकेयर सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आपात स्थिति

किसी आपात स्थिति में, हमेशा ट्रिपल ज़ीरो (000) पर फ़ोन करें या सीधे अपने निकटतम आपातकालीन विभाग में जाएँ।

अधिक जानकारी

1800MEDICARE के बारे में अधिक जानने और सही समय पर सही देखभाल खोजने के लिए:

- 1800MEDICARE को 1800 633 422 पर कॉल करें
- medicare.gov.au/1800-translated-resources पर जाएँ
- 1800MEDICARE ऐप डाउनलोड करें।